रेविन्स स्टैण्डर्ड प्रोग्रेसिव मैट्रिसेज
(Raven's Standard Progressive Matrices)

<u>क्रियात्मक पक्ष</u>

<u>(यह क्रियात्मक पक्ष काल्पनिक है। दिए गए आंकड़ों के स्थान पर अपने आकड़ें लिखें)</u>

परीक्षण का नाम - रेविन्स स्टैण्डर्ड प्रोग्रेसिव मैट्रिस

परीक्षण निर्माणकर्ता का नाम - जे० सी० रेविन

परीक्षणकर्ता का नाम -

विषयी का नाम -

विषयी की उम्र -

विषयी की शारीरिक व मानसिक दशा- सामान्य

दिन -

दिनांक -

समय –

अवलोकन तालिका -

अवलोकन तालिका में प्रत्येक set में हम विषयी द्वारा प्राप्त कुल अंक तथा गलत किए गए प्रश्नों की सं० को सम्मिलित करते हैं-

Sets	A	B	C	D	E
Number of incorrect response	0	0	0	2	2
Scores	12	12	12	10	10

परिणाम की व्याख्या

सेट के आधार पर परिणाम की व्याख्या-

परीक्षण में कुल पाँच सेट दिए गए है जिनकी व्याख्या इस प्रकार

1. **Set A** <u>की व्याख्या</u> - Set A में कुल 12 प्रश्न हैं। विषयी ने कुल 12 प्रश्नों के सही उत्तर दिए हैं। अतः विषयी को 12 में से 12 अंक दिए गए है। यह सेट सभी सेटों में सबसे सरल सेट है। इस कारण विषयी सरलता से सभी के उत्तर सही देता है। विषयी की आयु इसमें सहायक है।

2. **Set B** <u>की व्याख्या</u> - सेट 'B' में भी कुल 12 प्रश्न है। विषयी द्वारा हल किए गए प्रश्नों की संख्या 12 है। विषयी ने 12 में से 12 अंक प्राप्त किए है। इससे स्पष्ट होता है कि विषयी ने पूरी एकाग्रता के साथ प्रश्नों को हल किया है। इस सेट के प्रश्न Set A की तुलना में कुछ कठिन प्रश्न हैं क्योंकि इस परीक्षण में प्रश्नों का स्तर सरल से

कठिन की तरफ होता है।

3. **<u>Set C</u>** <u>की व्याख्या</u> - सेंट C में प्रश्नों की कठिनता का स्तर पहले दोनों सेटों की तुलना में कुछ अधिक है। इस सेट में विषयी ने अधिकतम 12 अंकों में से पूरे 12 अंक प्राप्त किए है। इससे स्पष्ट है कि विषयी की आयु, एकाग्रता तथा अनुभव इसमें सहायक है।

4. **<u>Set D</u>** <u>की व्याख्या-</u> सेट D में कठिनता का स्तर और बढ़ जाता है। अन्य पिछले सेटों की तुलना में इस सेट में विषयी ने अधिकतम 12 अंको में से 10 अंक प्राप्त किए। है। 2 प्रश्नों के उत्तर गलत हो गए। विषयी को यहाँ पर कुछ प्रश्नों को हल करते समय समस्या का सामाधान व्यवहार की जरूरत है। विषयी के अंक कम है जिसे देखकर कह सकते हैं कि शायद कठिनता के कारण विषयी का मन न लग रहा हो अर्थात् एकाग्रता के साथ कार्य नहीं किया गया है।

5. **<u>Set E</u>** <u>की व्याख्या</u> - यह सेट सभी सेटों में सबसे अधिक कठिन स्तर है। विषयी ने 10 प्रश्नों के उत्तर सही तथा 2 प्रश्नों के गलत उत्तर दिए है। कुल प्रश्नों की संख्या 12 है। इसका कारण सम्भवतः यह हो सकता कि विषयी को सही उत्तर देने में अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा हो। क्योंकि इस परीक्षण में कठिनता का स्तर सरल से कठिन की ओर है। अतः इस सेट को हल करते समय विषयी ने सम्भवतः एकाग्र व रुचिपूर्वक प्रश्न नहीं हल करा है।

कुल प्राप्तांकों की व्याख्या

विषयी ने अधिकतम 60 अंको में से 56 अंक प्राप्त किए है। हमारे द्वारा किए गए सेटों की व्याख्या से यह स्पष्ट होता है कि परीक्षण की शुरुआत में विषयी को प्रश्नों के उत्तर देने में आनंद की प्राप्ति हो रही थी क्योंकि वे प्रश्न सरल होते हैं। लेकिन प्रश्नों की कठिनाई का स्तर धीरे- धीरे बढ़ता जाता है। वह अपने को एकाग्र करने का प्रयास करता है तथा अपने अंकों को सुधारने का प्रयास करता है लेकिन उसे बहुत कठिन प्रश्नों के उत्तर में परेशानी हो रही थी। जोकि उसके बुद्धि स्तर को दर्शाता है।

विचलन की व्याख्या-

कुल प्राप्तांकों के आधार पर दिए गए मानक अंकों को सही उत्तरों की कुल अंकों की संख्या से घटाकर हम विचलन को प्राप्त करते हैं।

Discrepancy = No. of correct response - Standard Score

<u>सेट **A'** मे विचलन</u>

- विषयी ने सेट A में कुल 12 सही उत्तर दिए है अर्थात 12 अंक प्राप्त किए हैं तथा इस सेट का मानक अंक 12 दिया गया है। अतः विचलन सेट A में '0' (शून्य) होगा।

सेट 'B' में विचलन

- इस सेट में विषयी ने कुल 12 अंक प्राप्त किए है तथा इसका मानक अंक 12 है। अतः सेट B में विचलन 0 आएगा।

सेट 'C' में विचलन

- इस सेट में विषयी ने कुल 12 अंक प्राप्त किए है। तथा इस सेट के लिए मानक अंक 11 है। अतः सेट C में विचलन +1 है।

सेट 'D' में विचलन

- इस सेट में विषयी ने कुल 10 अंक प्राप्त किए है तथा यहाँ मानक स्कोर 11 अत: सेट D में -1 विचलन होगा।

सेट 'E' में विचलन

- यहाँ विषयी ने कुल 10 अंक प्राप्त किए हैं तथा इस सेट का मानक स्कोर 10 है। अतः यहाँ पर विचलन 0 है।

प्रतिशतांक की व्याख्या

विषयी ने परीक्षण में **54%** प्रतिशतांक प्राप्त किया है। इसका अर्थ है 100 point scale पर नीचे से 54% लोगों ने विषयी से कम अंक प्राप्त प्राप्त किया है।

ग्रेड की व्याख्या

विषयी ने परीक्षण में III ग्रेड प्राप्त किया है। जिसका अर्थ है, विषयी अपने आयु वर्ग में औसत बुद्धि वाला है।

ग्राफ की व्याख्या

विषयी से प्राप्त कुल प्राप्तांकों के आधार पर, हम एक ग्राफ बनाते हैं जो विषयी के बुद्धि स्तर के अध्ययन में सहायक होता है। X- अक्ष पर सेट तथा Y- अक्ष पर कुल प्राप्तांक को मानते हैं। कुल प्राप्तांकों के आधार पर जिसे विषयी ने प्राप्त किया है, हम प्रत्येक set पर बार बनाते हैं। निम्न ग्राफ को देखकर यह स्पष्ट होता है कि विषयी ने Set A, Set B, Set C में अधिकतम अंक प्राप्त किए हैं। Set D व Set E में विषयी ने 10-10 अंक प्राप्त किए हैं। अतः Set D व E में Bar अपेक्षाकृत थोड़ा नीचे हैं। ग्राफ से यह स्पष्ट जाता है प्रश्नों की कठिनाई

का स्तर बढ़ रहा है तथा विषयी द्वारा प्राप्त अंक कम हो रहे हैं। यह ग्राफ विषयी को औसत बुद्धि को दर्शाता है।

निष्कर्ष

विषयी का कुल प्राप्तांक 56 है तथा प्रतिशतांक यहाँ 54% हैं। विषयी को परीक्षण में III ग्रेड प्राप्त हुआ है। इससे स्पष्ट है कि विषयी का औसत बुद्धि-स्तर है। विषयी को कार्य के समय एकाग्र होना चाहिए और जल्दबाजी नहीं करना चाहिए।